ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in


उदयपुर, मंगलवार 27 जनवरी 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 262



## ओलों की मार से थमा भीलवाड़ा, खेत–सड़कें सफेद; फसलों पर संकट, ठंड फिर तेज



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। जिले में मंगलवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और कुछ ही मिनटों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि ने जनजीवन को थाम दिया। जहाजपुर, कोटड़ी और जामोली क्षेत्र में ओले गिरने से खेतों, सड़कों और खुले इलाकों में सफेद चादर बिछ गई। ओलावृष्टि का यह नजारा करीब 10 से 15 मिनट तक रहा, लेकिन असर गहरा छोड़ गया। तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई और रबी फसलों पर संकट मंडराने लगा। भीलवाड़ा में दिनभर बादलों की आवाजाही के बाद देर शाम अचानक तेज हवाएं चलीं। इसके साथ ही बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते ओलावृष्टि ने पूरे इलाके को ढक लिया। कई गांवों में चना, सरसों और गेहूं की फसलें प्रभावित होने की आशंका है। खेतों में खड़ी फसलों पर ओलों की चोट साफ नजर आई, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई, वहीं ठंडी हवाओं के चलते ठिठुरन फिर लौट आई। ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते दिखे।

### राज्यभर में मौसम का कहर

भीलवाड़ा के साथ प्रदेश के 9 जिलों में ओलावृष्टि और 15 जिलों में बारिश दर्ज की गई। कहीं बिजली गिरने की घटनाएं हुईं तो कहीं फसलों को भारी नुकसान पहुंचा। लगातार पांच दिनों में दूसरी बार सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम का मिजाज बिगाड़ दिया।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार आंधी–बारिश का यह दौर थमने के बाद अगले दो दिनों तक कोहरा छाने की संभावना है। 31 जनवरी से 1 फरवरी के बीच एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे फिर से बादल छाने और कहीं-कहीं बारिश होने के आसार हैं। ओलावृष्टि के बाद भीलवाड़ा जिले के किसान फसलों के नुकसान का आकलन करने में जुट गए हैं। यदि दोबारा बारिश या ओले पड़े, तो रबी सीजन को बड़ा झटका लग सकता है। मौसम की इस अनिश्चितता ने जिले के खेतों के साथ बाजार की धड़कन भी तेज कर दी है।

## बजट 2026 की तैयारी पूरी, नॉर्थ-ब्लॉक में हुई हलवा सेरेमनी:सीतारमण ने अधिकारियों का मुंह मीठा कराया, 1 फरवरी को पेश होगा पेपरलेस बजट



24 न्यूज अपडेट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार (27 जनवरी) को पारंपरिक 'हलवा सेरेमनी' में हिस्सा लिया। यह रस्म बजट 2026-27 की तैयारी के अंतिम चरण का प्रतीक है। बजट 1 फरवरी को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

खास बात यह है कि इस बार बजट बनाने वाली टीम को नॉर्थ ब्लॉक के पुराने बेसमेंट में शिफ्ट होना पड़ा है, क्योंकि मंत्रालय के नए ऑफिस 'कर्तव्य भवन' में प्रिंटिंग प्रेस की सुविधा नहीं है।

### नॉर्थ ब्लॉक में हुई रस्म, अब लॉक-इन पीरियड शुरू

हलवा सेरेमनी के साथ ही बजट बनाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का 'लॉक-इन' पीरियड शुरू हो गया है। अब बजट पेश होने तक ये सभी अधिकारी नॉर्थ ब्लॉक के बेसमेंट में ही रहेंगे। बाहरी दुनिया से इनका संपर्क पूरी तरह कटा रहेगा।

वित्त मंत्री ने इस दौरान बजट प्रेस का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मंत्रालय के सभी सचिव मौजूद रहे।

## 18 साल बाद ऐतिहासिक करार, भारत–यूरोपीय संघ का फ्री ट्रेड समझौता तय




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ के बीच करीब 18 वर्षों से चली आ रही बातचीत मंगलवार को निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई। 27 यूरोपीय देशों के साथ भारत ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर सहमति बना ली है, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है। इस समझौते को वर्ष 2027 तक लागू किए जाने की संभावना है। 16वें भारत–यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान घोषित इस ऐतिहासिक समझौते के तहत भारत में यूरोपीय कारों पर लगने वाला आयात शुल्क बड़ी राहत के साथ घटाया जाएगा। अभी तक लगने वाला करीब 110 प्रतिशत टैक्स कम होकर लगभग 10 प्रतिशत रह सकता है। इससे बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी यूरोपीय लग्जरी कारों की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आने की संभावना है। इसके साथ ही यूरोप से आयात होने वाली शराब और वाइन पर भी टैक्स में बड़ी कटौती का रास्ता साफ हो गया है। वर्तमान में करीब 150 प्रतिशत शुल्क को घटाकर 20 से 30 प्रतिशत तक लाने पर सहमति बनी है। इससे भारतीय बाजार में यूरोपीय उत्पादों की पहुंच आसान होगी, जबकि भारतीय निर्यातकों को भी यूरोप में बेहतर अवसर मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 27 जनवरी को 27 यूरोपीय देशों के साथ एफटीए पर सहमति बनना भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह समझौता निवेश को बढ़ावा देगा, नवाचार आधारित साझेदारियों को मजबूत करेगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अधिक भरोसेमंद बनाएगा। उन्होंने इसे केवल व्यापारिक करार नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का रोडमैप बताया। पीएम बोले—कॉरिडोर को आगे बढ़ाएंगे प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत और यूरोपीय संघ मिलकर इंडिया–मिडिल ईस्ट–यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को आगे बढ़ाएंगे। वैश्विक स्तर पर बदलते हालात और अनिश्चितताओं के बीच यह साझेदारी दोनों पक्षों के लिए रणनीतिक रूप से अहम मानी जा रही है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने भारत के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें अपनी गोवा से जुड़ी पारिवारिक पहचान पर गर्व है। उन्होंने भारत–यूरोप रिश्तों को केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक और ऐतिहासिक बताया। गौरतलब है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि यूरोपीय संघ दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत और दुनिया के कुल व्यापार का करीब एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं।

## सेंसेक्स 319 चढ़कर 81,857 के स्तर पर बंद:निफ्टी भी 126 अंक चढ़ा, मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 3% की तेजी रही

### सेंसेक्स 3:30 बजे तक




24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार आज यानी 27 जनवरी (मंगलवार) को तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 319 चढ़कर 81,857 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 126 अंक चढ़ा, ये 25,175 के स्तर पर बंद हुआ।

मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 3% की तेजी रही। PSU बैंक और प्राइवेट बैंक सेक्टर में भी 1% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 30 में से 18 शेयरों में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली।

एक्सिस बैंक, अडाणी पोर्ट्स और टेक महिंद्रा के शेयरों में 5% तक की तेजी रही। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर्स में 3% तक की गिरावट रही।

## शंकराचार्य विवाद ने बढ़ाई सरकार की मुश्किलें, उमा भारती ने बुलंद की आवाज

24 न्यूज अपडेट



प्रयागराज। माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन के बीच उपजा विवाद अब सरकार के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। संत समाज, राजनीतिक हस्तियां और प्रशासनिक अधिकारी खुलकर आमने-सामने आ गए हैं। समर्थन और विरोध के सुर तेज होने से यह मामला अब केवल धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और प्रशासनिक संकट का रूप ले चुका है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच जारी टकराव पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता उमा भारती ने शंकराचार्य का समर्थन करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा उनसे सबूत मांगना मर्यादा के खिलाफ है। इस पर अविमुक्तेश्वरानंद ने पलटवार करते हुए कहा कि यह बात मुख्यमंत्री तक भी पहुंचाई जाए। विवाद के बीच श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर मामले के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी बाबा ने मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिखकर शंकराचार्य को सम्मानपूर्वक गंगा स्नान कराने और संबंधित अधिकारियों से माफी मंगवाने की मांग की है। दूसरी ओर, माघ मेला प्रशासन और शंकराचार्य के बीच करीब 10 दिन से चल रहा यह टकराव अब नौकरशाही तक पहुंच गया है। अयोध्या में पदस्थ एक वरिष्ठ अधिकारी ने मुख्यमंत्री के समर्थन में इस्तीफा दे दिया और शंकराचार्य के कथित बयानों से आहत होने की बात कही। वहीं संत समाज में भी मतभेद सामने आए हैं। अयोध्या छावनी धाम के परमहंस महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद और सतुआ बाबा पर माघ मेले को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने अविमुक्तेश्वरानंद पर सख्त कार्रवाई तक की बात कही। इससे पहले बरेली में एक सिटी मजिस्ट्रेट ने शंकराचार्य के समर्थन में इस्तीफा दिया था, जिसे बाद में नामंजूर कर निलंबन और जांच के आदेश जारी किए गए। इसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद ने सरकार पर हमले तेज करते हुए कहा कि यह लड़ाई किसी धर्म या समुदाय की नहीं, बल्कि असली और नकली हिंदुत्व के बीच की है।

**विवाद की जड़** : 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य पालकी में स्नान के लिए जा रहे थे, जहां पुलिस ने उन्हें पैदल जाने को कहा। विरोध के दौरान उनके शिष्यों से धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। इसके बाद प्रशासन ने नोटिस जारी कर पदवी के उपयोग और कथित हंगामे पर सवाल उठाए तथा माघ मेले से प्रतिबंध की चेतावनी दी।

## किन्नर अखाड़े में बड़ा फैसला, महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी से सभी संबंध समाप्त



24 न्यूज अपडेट

प्रयागराज। प्रयागराज महाकुंभ से उपजे विवाद के बीच किन्नर अखाड़े ने बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी को अखाड़े से बाहर कर दिया है। अखाड़े की शीर्ष नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि अब ममता कुलकर्णी का संगठन से किसी भी प्रकार का नाता नहीं है। इस फैसले के साथ ही संत समाज और अखाड़ा परंपरा में चल रहा विवाद और गहरा हो गया है। किन्नर अखाड़े के पदाधिकारियों की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि ममता कुलकर्णी न तो अब अखाड़े की अधिकारी हैं और न ही सदस्य। अखाड़े की प्रमुख महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने जारी वीडियो संदेश में कहा कि अखाड़ा शांति और मर्यादा में विश्वास करता है तथा किसी भी तरह के विवाद से स्वयं को अलग रखना चाहता है। मौनी अमावस्या के दिन घटित घटनाओं और बयानों से अखाड़ा आहत है, इसी के चलते यह कठोर फैसला लिया गया। दरअसल, 25 जनवरी को ममता कुलकर्णी ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर दिए गए बयान में कई महामंडलेश्वरों और शंकराचार्य पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। उनके इन बयानों के बाद संत समाज में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली और अखाड़े के भीतर भी असंतोष गहराता गया। अखाड़े से बाहर किए जाने के बाद ममता कुलकर्णी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दिया है। उनका कहना है कि महामंडलेश्वर बनना वर्षों की साधना, तपस्या और कठोर आध्यात्मिक अनुशासन का परिणाम होता है और वह अभी इस बंधन से स्वयं को मुक्त करना चाहती हैं। इधर, सनातनी किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां ने इस पूरे घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ममता कुलकर्णी को लेकर शुरू से ही विरोध था और अब बहुत देर हो चुकी है। टीना मां ने दो टूक शब्दों में कहा कि वह पुराने अखाड़े में वापस नहीं जाएंगी। गौरतलब है कि टीना मां ने नवंबर 2025 में अलग सनातनी किन्नर अखाड़े की स्थापना की थी।

## बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक:35+ पार्टियों के सांसद शामिल, सरकार का VB-G RAM-G कानून पर चर्चा से इनकार; 28 जनवरी से शुरू होगा सेशन



24 न्यूज अपडेट

संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने विधायी और अन्य एजेंडों पर चर्चा करने के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में 35+ पार्टियों के सांसद शामिल हुए। इस दौरान बजट सत्र को सकारात्मक और सुचारू रूप से चलाने को लेकर चर्चा हुई।

बजट सत्र 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश होगा। इस दिन रविवार है।

ऑल पार्टी मीटिंग के बाद किरेन रिजिजू ने विपक्ष के विधायी एजेंडा शेयर नहीं करने के आरोप पर कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सरकार अपना एजेंडा शेयर करती है। विपक्ष को बोलने की आजादी है, लेकिन सुनना भी जरूरी है। उन्होंने मनरेगा की जगह लाए गए VB-G RAM-G कानून पर चर्चा की मांग खारिज कर दी।

### कांग्रेस ने भी बुलाई स्ट्रैटजी ग्रुप की मीटिंग

सर्वदलीय बैठक से पहले कांग्रेस ने भी बजट सत्र की रणनीति पर चर्चा करने के लिए संसदीय दल के स्ट्रैटजी ग्रुप की मीटिंग बुलाई है। यह मीटिंग मंगलवार को CPP चेयरपर्सन सोनिया गांधी के घर पर होगी।कांग्रेस MP मणिकम टैगोर ने कहा कि मीटिंग में वोट चोरी, SIR, किसानों के धान की खरीद, MGNREGA को वापस लाना, इन सभी मुद्दों पर चर्चा होगी।

## चांदी आज 26,859 बढ़ी, पहली बार 3.44 लाख/KG पहुंची:27 दिन में 1.14 लाख महंगी हुई; सोना 5 हजार महंगा, 1.59 लाख पर पहुंचा



24 न्यूज अपडेट

चांदी-सोने के दाम आज (27 जनवरी) अब तक के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 26,859 रुपए बढ़कर 3,44,564 रुपए पर पहुंच गई है।

सुबह कारोबार खुलने पर इसका दाम 3,42,507 रुपए पर था। इससे पहले इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी। इस साल अब तक सिर्फ 27 दिनों में ही ये 1.14 लाख रुपए महंगी हो चुकी है।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज कारोबार बंद होने पर 4,591 रुपए बढ़कर 1,58,901 रुपए पर पहुंच गया है। सुबह इसका दाम 1,59,027 रुपए पर था। इससे पहले सोने का भाव 23 जनवरी को 1,54,310 रुपए/10G था।

## संपादकीय : मौसम का मिजाज

आमतौर पर तापमान में थोड़े उतार-चढ़ाव को मौसम के लिहाज से एक सामान्य स्थिति माना जाता है, लेकिन इस वर्ष हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी में जिस तरह की देरी देखी गई, उस पर स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों का ध्यान गया है। हालांकि अब पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हुई है और इसकी वजह से देश के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है। मगर इस वर्ष पहाड़ी राज्यों में जिस तरह मौसम के मिजाज में बदलाव देखा गया, बर्फबारी की सामान्य अवधि में देरी हुई, उसका सीधा संकेत यही था कि अब जलवायु परिवर्तन का असर प्रत्यक्ष रूप में सामने आने लगा है। दरअसल, लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में वर्ष का पहला हिमपात हुआ । इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला और कश्मीर में भी उम्मीद के मुकाबले करीब दो महीनों की देरी के बाद पहली बर्फबारी हुई। इसकी वजह से कड़ाके की ठंड अपने ज्यादा असर के साथ वापस लौट आई। हिमालयी प्रदेशों में आमतौर पर नवंबर दिसंबर में इस तरह के मौसम की संभावना होती है। इसे एक सामान्य चक्र माना जाता है, जिसके असर से दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ती है। मगर इस बार अब जाकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में बर्फबारी हुई है और इसके मद्देनजर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली सहित उत्तर- पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है। जाहिर है, इन क्षेत्रों में एक बार फिर कुछ दिनों के लिए कड़ाके की ठंड लौट सकती है और इसी के मुताबिक लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत पड़ेगी। मौसम की अपनी गति होती है और कई कारणों से उसकी अवधि आगे-पीछे हो सकती है। अगर इसके पीछे वजहें प्राकृतिक हों, तो यह ज्यादा चिंता की बात नहीं होती। मगर इससे इतर इस बार जिस तरह हिमालय के बड़े इलाके में बर्फबारी में दर्ज करने वाली गिरावट या कमी देखी गई, उससे साफ है कि वैश्विक ताप के नतीजे अब अपने व्यापक रूप में सामने आने लगे हैं। ऐसे अनेक आकलन आ चुके हैं, जिनके मुताबिक सदियों से भारत के जलवायु चक्र का आधार माने जाने वाला हिमालय आज एक चिंताजनक संकट से गुजर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमालय क्षेत्र में सर्दी के मौसम में भी औसत से काफी कम बर्फबारी हो रही है। खासतौर पर जिस मौसम में पहाड़ों को बर्फ से आच्छादित देखा जाता था, उस दौरान भी अब असामान्य रूप से बर्फबारी में देरी हो रही है। यह गौरतलब है कि हिमालय के दायरे में पड़ने वाले क्षेत्रों में कई नदियों का उद्गम स्थल है और इस तरह पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों के बड़े हिस्से में खेती और लोगों की जीविका इन पर निर्भर रही है। मगर मानसून और जैव-विविधता का आधार रहा यह इलाका अब कड़ाके की ठंड में भी बिना बर्फ के सूखा रहने लगा है, जिसका असर पारिस्थितिकी पर पड़ना तय है। अब इसे मौसम में किसी सामान्य उतार-चढ़ाव के बजाय जलवायु परिवर्तन के नतीजे के तौर पर देखा जाने लगा है। वैश्विक ताप में बढ़ोतरी का एक परिणाम यह भी है कि ठंड के मौसम में अगर थोड़ी-बहुत बर्फबारी हो, तो भी वह पिघल जाती है। ऐसे में हिमखंडों में सिकुड़न भी एक स्वाभाविक नतीजा है और इसका असर पहाड़ों की स्थिरता पर भी पड़ेगा। शायद यही वजह है कि हाल के वर्षों में पहाड़ी इलाकों में आपदाओं का संकट भी गहराता गया है।

## भय का पाठ

हमारे समाज में आज भी यह धारणा बनी हुई है कि डर, डांट और मारपीट से बच्चे के भीतर कर्मियों में सुधार लाया जा सकता है। पढ़ाई के मामले में कई बार विद्यालयों और यहां तक कि घर-परिवार में भी इसी तरह के प्रयास किए जाते हैं। हालांकि, शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के दौरान बच्चों के साथ आक्रामक व्यवहार पर कानूनी रूप से पाबंदी है, फिर भी ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। विद्यालय में अगर किसी बच्चे के साथ मारपीट होती है, तो उसे उम्मीद और भरोसा होता है कि उसके अभिभावक सुरक्षा के लिए आगे आएंगे। मगर जब कोई अभिभावक ही पढ़ाई के लिए अपने बच्चे से मारपीट करने लगे, तो उसे किस तरह की मानसिकता कहा जाएगा। हरियाणा के फरीदाबाद में हाल ही में एक ऐसी ही घटना सामने आई, जिसने सामाजिक एवं पारिवारिक संवेदनाओं और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खबरों के मुताबिक, एक पिता ने अपनी चार वर्षीय बेटी को घर पर पढ़ाते समय पचास तक गिनती न लिख पाने के कारण इस कदर पीटा कि उसकी मौत हो गई। यह गंभीर चिंता का विषय है कि इस तरह की धारणा कैसे बना ली जाती है कि भय या मारपीट से बच्चों में पड़ने-लिखने की क्षमता बढ़ जाती है। जबकि विभिन्न शोध और अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि किसी भी तरह की आक्रामकता का बच्चों पर बेहद नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे बच्चों में याददाश्त, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता कमजोर होती है, जिससे वे पढ़ाई में और भी ज्यादा पिछड़ जाते हैं। कई बार बच्चों के भीतर ऐसा खौफ पैदा हो जाता है, जो आगे चलकर अवसाद या अन्य तरह के मनोविकार का कारण बन सकता है। ऐसे में इस बात का खयाल रखना बेहद जरूरी है कि बच्चों को किसी भी रूप में हिंसक प्रवृत्ति का सामना न करना पड़े। अगर कोई बच्चा किसी एक तरीके से नहीं समझ पा रहा है, तो उसे दूसरे मनोवैज्ञानिक तरीके से समझाने की कोशिश की जानी चाहिए, क्योंकि सुरक्षित, स्नेहपूर्ण तथा भय एवं तनावमुक्त माहौल में ही बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास संभव हो पाता है।

## सेन्ट एन्थोनिज सीनियर स्कूल का वार्षिक खेलकूद दिवस संपन्न, विद्यार्थियों ने दिखाया अनुशासन और जोश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। स्थानीय सेन्ट एन्थोनिज सीनियर सैकण्डरी स्कूल में सीनियर वार्षिक खेलकूद दिवस उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी विकास साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलकूद दिवस के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर दौड़, 110 मीटर बाधा दौड़ सहित कई ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि पुष्पा मेघवाल, डॉ. रेखा हर्षवर्धन, रजनीश शर्मा, कमल डांगी एवं योजना डांगी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विलियम डिसूजा ने की। अतिथियों ने खेल दिवस का शुभारंभ ध्वजारोहण कर किया और प्रतियोगिताओं की औपचारिक शुरुआत की घोषणा की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी अत्यंत आवश्यक है। खेल गतिविधियों से बच्चों का शारीरिक विकास होने के साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास होता है। अतिथियों ने पदक वितरण के दौरान विद्यार्थियों से परिचय लेते हुए उनके उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य विलियम डिसूजा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से ही इस प्रकार के आयोजन सफल हो पाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया। वार्षिक खेलकूद दिवस विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं यादगार रहा, जिसमें उन्होंने खेल भावना, अनुशासन और जोश का उत्कृष्ट परिचय दिया।





## एमडीएस पब्लिक स्कूल उदयपुर में गणतंत्र दिवस समारोह, संविधान और राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। एमडीएस पब्लिक स्कूल, उदयपुर में 77वाँ गणतंत्र दिवस गरिमा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रगान के दौरान उपस्थित जनसमूह ने तिरंगे को नमन कर देश के प्रति अपने कर्तव्यों को स्मरण किया। समारोह में विद्यालय के न्यासी श्री रमेशचंद्र सोमानी एवं श्रीमती पुष्पा सोमानी, निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी तथा उप-प्रधानाचार्या श्रीमती जयमाला वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक श्री रविकांत त्रिपाठी रहे। आपने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है और युवाओं को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा ही सशक्त भारत की पहचान है। विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्री मनोज जोशी ने स्वदेशी उद्योगों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त निशानेबाज श्री गजेन्द्र सिंह राणावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, व्यायाम प्रदर्शन, भाषण एवं नाटिका के माध्यम से संविधान के मूल मूल्य—एकता, समानता और न्याय—को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। विद्यालय निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी ने विद्यार्थियों से संविधान के आदर्शों को जीवन में अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। उप-प्रधानाचार्या श्रीमती जयमाला वर्मा ने अनुशासन और सत्यनिष्ठा को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रसेवा की शपथ और जयघोष के साथ हुआ। समारोह ने उपस्थित सभी जनों में राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यबोध की भावना को और सुदृढ़ किया।

## विश्व हिंदू परिषद उदयपुर महानगर बजरंग दल द्वारा कबड्डी कार्यक्रम का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। विश्व हिंदू परिषद उदयपुर महानगर बजरंग दल के तत्वावधान में "आओ कबड्डी खेलें – हिंदू युवा बलवान करें" अभियान के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू युवाओं में शारीरिक सशक्तता, अनुशासन, खेल भावना तथा राष्ट्र और समाज के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। महानगर संयोजक अजय सालवी एवं कार्यक्रम संयोजक गजेंद्र देवड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को नियमित व्यायाम और खेलकूद के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत के सह मंत्री सुंदर कटारिया एवं अध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं दुर्गा सिंह देवड़ा पटेल एवं लक्ष्मी लाल पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान युवाओं ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ, अनुशासित और जागरूक युवा ही समाज और राष्ट्र को सशक्त दिशा प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद उदयपुर महानगर विभाग के सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## नारायण सेवा संस्थान में हर्षोल्लास से मना 77वां गणतंत्र दिवस



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 जनवरी। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के विभिन्न सेवा परिसरों में देशभक्ति और उल्लास के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान के मानव मंदिर और सेवाधाम परिसर में संस्थापक चेयरमैन कैलाश मानव ने ध्वजारोहण किया।वहीं नव-निर्मित भवन वर्ल्ड ऑफ ह्यूमैनिटी में अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें नारायण चिल्ड्रन अकादमी के दो विद्यार्थियों ने मंच संचालन किया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों और घूमर जैसे लोकनृत्य पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। आवासीय विद्यालय के मूक-बधिर एवं प्रज्ञा चक्षु बच्चों ने भी संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में निदेशक वंदना अग्रवाल, सह-संस्थापिका कमला देवी अग्रवाल, निदेशक पलक अग्रवाल, योजना प्रभारी रोहित तिवारी, संयोजक महिम जैन, प्रिंसिपल अर्चना गोवलकर सहित सैकड़ों साधक एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त संस्थान के सेवा महातीर्थ, बड़ी में अनिल आचार्य द्वारा, नारायण पैरा स्पोर्ट्स अकादमी में बहादुर सिंह द्वारा तथा सेक्टर-14 स्थित अपना घर परिसर में भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे ने रचा नया कीर्तिमान, माल ढुलाई से रिकॉर्ड राजस्व अर्जित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे ने बेहतर परिचालन दक्षता और प्रभावी राजस्व नियोजन के दम पर इस वित्त वर्ष 2025-26 में माल ढुलाई से रिकॉर्ड राजस्व अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रेलवे ने मात्र 295 दिनों में माल ढुलाई से 2,939 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 10 दिन पहले हासिल किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण ने बताया कि सुनियोजित परिचालन और संसाधनों के कुशल उपयोग के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। महाप्रबंधक श्री अमिताभ के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे ने 20 जनवरी 2026 तक कुल 6,690 करोड़ रुपए का अब तक का सर्वाधिक राजस्व अर्जित किया है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 6,358 करोड़ रुपए था। इस प्रकार कुल राजस्व में 5.22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 15 दिन पहले प्राप्त की गई। रेलवे के सभी राजस्व क्षेत्रों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यात्री राजस्व 2,733 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,971 करोड़ रुपए हो गया, जो 8.71 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। माल ढुलाई आय 2,833 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,939 करोड़ रुपए हुई, जिसमें 3.72 प्रतिशत की वृद्धि रही। वहीं अन्य कोचिंग सेवाओं से आय 271 करोड़ रुपए से बढ़कर 289 करोड़ रुपए पहुंच गई, जो 6.69 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाती है।

## ग्राहक पंचायत संगठन में जयप्रकाश भावसार महानगर उपाध्यक्ष मनोनीत, संगठन विस्तार पर मंथन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संगठन कार्यालय पर प्रांत संगठन मंत्री राकेश पालीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा उपभोक्ता हितों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला मंत्री नारायण पंचोली ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से महानगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता जयप्रकाश भावसार को सर्वसम्मति से महानगर कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। उनकी नियुक्ति पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रांत संगठन मंत्री राकेश पालीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राहक पंचायत संगठन उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवमनोनीत पदाधिकारियों से संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राहक पंचायत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा हुआ है। मांगीलाल भोई, फतेहलाल पारिक, नरपतसिंह कुमावत, नरोत्तम गौड़, सत्यनारायण प्रजापत, अशोक शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया.

# वंदेमातरम् @150 के रंग में रंगा उदयपुर, गणतंत्र दिवस पर गूंजा राष्ट्रगान



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 27 जनवरी। 77वां गणतंत्र दिवस उदयपुर में उत्साह, उमंग और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह गांधी ग्राउंड में आयोजित हुआ, जहां जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। वंदेमातरम् गीत की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समारोह पूरी तरह राष्ट्रगीत और देशभक्ति के स्वरों से सराबोर रहा। ध्वजारोहण के बाद मंत्री खराड़ी ने परेड का निरीक्षण किया। पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड सहित विभिन्न टुकड़ियों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। एडीएम प्रशासन दीपेन्द्र सिंह ने राज्यपाल का संदेश पढ़कर सुनाया। समारोह में उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, शहर विधायक ताराचंद जैन, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और केंद्रीय कारागृह के बंदीजन ऑर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा वंदेमातरम् की प्रस्तुति ने विशेष आकर्षण पैदा किया। विभिन्न विभागों की विकास और सामाजिक चेतना पर आधारित झांकियों को भी दर्शकों ने सराहा। समारोह के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों और प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में दैनिक भास्कर के अनूप पाराशर, दैनिक भास्कर के गोपाल दशोरा, वरिष्ठ संपादक एवं पत्रकार प्रकाश शर्मा, राजस्थान पत्रिका के चीफ रिपोर्टर पंकज वैष्णव भी शामिल थे। आयोजन ने देशभक्ति, एकता और राष्ट्रगौरव का संदेश दिया।

## जेठाना में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर इलाज



**24 न्यूज अपडेट**

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के निकटवर्ती ग्राम जेठाना में मंगलवार को 1 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक शंकरलाल डेचा मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने की। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल, पूर्व जिला प्रमुख श्रीमती सूर्या आहारी, जिला मंत्री जवाहर भाटिया, मांडल अध्यक्ष श्रीमती अनिता पंड्या, चितरी मंडल अध्यक्ष बलवीर आहरी, सिद्धनाथ मंडल अध्यक्ष जिग्नेश पाटीदार, दलीचंद बुनकर, मंडल महामंत्री डायालाल पाटीदार एवं बीसीएमएचओ डॉ. पंकज खाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शंकरलाल डेचा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि गरीब एवं वंचित वर्ग तक सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें। उन्होंने बताया कि इस नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों को 400 से अधिक प्रकार की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध होंगी तथा विभिन्न स्वास्थ्य जांच सुविधाएं भी यहीं मिल सकेंगी। इससे ग्रामीणों को दूर शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा।

## गणतंत्र दिवस पर सचिवालय कर्मचारी संघ का सम्मान समारोह, मेसर्स अम्बरवाला को उत्कृष्ट कैंटीन सेवाओं के लिए मिला सम्मान



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर, 26 जनवरी। भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ द्वारा सचिवालय परिसर में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने की, जबकि मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवासन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान राजस्थान सचिवालय में कर्मचारियों एवं आगंतुकों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित, गुणवत्तापूर्ण एवं उच्च मानकों वाली भोजन एवं कैंटीन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मेसर्स अम्बरवाला को विशेष स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेसर्स अम्बरवाला की ओर से श्री कैलाश पुरोहित ने ग्रहण किया। राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री कजोड़मल मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि सचिवालय कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा, सुविधा एवं कार्य-दक्षता के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने मेसर्स अम्बरवाला, बीकानेर द्वारा निरंतर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान किए जाने की सराहना की तथा समारोह में उपस्थित होकर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव का आभार व्यक्त किया। समारोह में संघ के पदाधिकारी, सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संघ की ओर से सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, महाराणा विद्यालय ने परेड में मारी बाजी



**24 न्यूज अपडेट**

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। नगर के महिपाल खेल मैदान में उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित हुआ, जहां उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण ने ध्वजारोहण किया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने परेड, व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। परेड प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप इंटरनेशनल एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय के बालक एवं बालिका वर्ग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम सुबोध सिंह चारण, विधायक शंकरलाल डेचा, नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी एवं डीएसपी रूप सिंह राठौड़ की उपस्थिति में उपखंड क्षेत्र के 61 प्रतिभाशाली व्यक्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाओं एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ईओ मोहम्मद सुहेल शेख, बीईईओ नरेंद्र भट्ट, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, बीडीओ हीराराम मेघवाल, पार्षद हरीशचंद्र सोमपुरा, तिलक नंदिनी शाह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं मांडवी चौक स्थित टाउन हॉल एवं नगर पालिका अस्थायी भवन पर भी नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

## छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं में छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग संयुक्त निदेशक, गिरीश भटनागर ने बताया कि योजनान्तर्गत आवेदन करने से पूर्व शिक्षण संस्थाओं को जिला स्तरीय अधिकारी से सूचीबद्ध करवाना होगा एवं कॉलेज के स्तर पर बायोमेट्रिक मशीन का पंजीयन एवं छात्रवृति पोर्टल पर शिक्षण संस्थान द्वारा कोर्स मेपिंग एवं मान्यता का अनुमोदन करवाना होगा। साथ ही विद्यार्थियों को भी आवेदन से पूर्व एन.एस.पी.ओ.टी.आर. एप्प के माध्यम से ओ.टी.आर. रजिस्ट्रेशन करवाना होगा,.। विद्यार्थी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे-जनआधार में विद्यार्थी की श्रेणी (एपीएल/बीपीएल), जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, परिवार के प्रत्येक सदस्य की आय एवं जनआधार, आधार कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों मे विद्यार्थी की समस्त सूचनाएं समान हो, को जनाधार में अपडेट करवानी होगी। साथ ही विद्यार्थी द्वारा आवेदन में जो खाता संख्या अंकित की जाये वो आधार सीडेड होना आवश्यक है।



# आदिवासी जमीन हड़पने का आरोप, कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन, उच्चस्तरीय जांच की मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर में आदिवासी परिवार की करोड़ों की जमीन हड़पने के आरोपों ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। भुवाणा क्षेत्र से जुड़े इस मामले में कांग्रेस ने भाजपा विधायक, मुख्यमंत्री के कथित रिश्तेदार और पुलिस अधिकारियों पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्ट्रेट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र के भुवाणा में एक आदिवासी परिवार को कथित रूप से बंधक बनाकर लगभग 25 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन हड़पने के आरोपों को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन से पूर्व मीडिया से बातचीत में उदयपुर देहात जिला अध्यक्ष रघुवीर मीणा ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है और इसकी निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जांच नहीं हुई तो कांग्रेस दोबारा बड़ा आंदोलन करेगी। रघुवीर मीणा ने इस पूरे प्रकरण में पुलिस अधिकारियों और भाजपा नेताओं के कथित गठजोड़ की भी जांच की मांग की। कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष फतहसिंह राठौड़ ने कहा कि जब भाजपा विधायक पुष्पेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री के कथित रिश्तेदार का नाम सामने आता है तो मामला और भी गंभीर हो जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर उदयपुर में आदिवासियों की जमीन हड़पने के मामलों में बार-बार भाजपा से जुड़े लोगों के नाम क्यों सामने आते हैं। साथ ही उन्होंने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इस प्रकरण में कोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना की गई और प्रभावशाली लोगों के दबाव में आदिवासी परिवार को न्याय से वंचित किया गया। प्रदेश महासचिव पंकज शर्मा, प्रदेश सचिव दिनेश श्रीमाली संगठन महामंत्री अरुण टॉक,बी ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह,मंडल अध्यक्ष श्यामसुंदर गुर्जर,मयंक खमेसरा, अग्रिम प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण देवेंद्र माली,शंकर चंदेल, नवीन तावड़,सुरेश सोलंकी,महामंत्री दिनेश दवे, दलपत सिंह चुंडावत,यशवंत राजोरा, रिजवान खान, शिव शंकर मेनारिया, दीपक श्रीमाली, अशोक छापरवाल,विकास कच्छारा, भगवती साहू,श्रीमती माया सुराणा,चंदासुहालका,नजमा मेवाफरोश, शीला मीणा, मधु सालवी एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# सूचना केंद्र पर उपनिदेशक गौरीकान्त शर्मा ने किया ध्वजारोहण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। 77वां स्वतंत्रता दिवस सोमवार को जिले भर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। दौरान सभी राजकीय, निजी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। संभागीय आयुक्त कार्यालय में संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। इस दौरान कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार जिला कलक्टर नमित मेहता ने राजकीय आवास तथा कलक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण किया। न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया।सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में उपनिदेशक गौरीकान्त शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारी तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# आबकारी भवन में राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 26 जनवरी। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह आबकारी भवन में उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने आबकारी भवन मुख्यालय परिसर उदयपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। आबकारी निरोधक दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं सलामी दी गई। इस मौके पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन अनिल कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। गणतंत्र दिवस समारोह में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत ने ध्वजारोहण के उपरांत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रहित में सभी को अपने राजकीय दायित्व का निर्वहन कर्त्तव्यनिष्ठा व समर्पण भाव से करते हुए राष्ट्र के विकास में सहभागी बनना चाहिए। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर वित्तिय सलाहकार सुनीता विजय, जिला आबकारी अधिकारी आदराम दहिया, उपायुक्त ईपीएफ प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत सहित समस्त अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आरा मशीन फैक्ट्री में हादसा, श्रमिक का हाथ गंभीर रूप से घायल



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। पीपलोद इंडस्ट्रीज क्षेत्र में स्थित एक आरा मशीन फैक्ट्री में सोमवार को काम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। लकड़ी काटते समय मशीन की चपेट में आने से एक श्रमिक का हाथ बुरी तरह कट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय फैक्ट्री में मजदूरी कर रहा शांतिलाल पुत्र कालू राम, निवासी पड़ोली राठौड़, अचानक कटर मशीन की चपेट में आ गया। हादसा होते ही फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। मौजूद कर्मचारियों और फैक्ट्री संचालक ने तुरंत मशीन बंद कर घायल को बाहर निकाला। घायल श्रमिक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ट्रॉमा वार्ड में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए हाथ में पांच से छह टांके लगाए और रक्तस्राव रोकने का प्रयास किया। जांच के दौरान हाथ की नसें और हड्डी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त पाई गईं। चिकित्सकों ने घायल की हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए उदयपुर रेफर कर दिया। अत्यधिक खून बहने और गंभीर चोट के कारण विशेष चिकित्सा की आवश्यकता बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पड़ोली राठौड़ गांव से परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। घायल की स्थिति को लेकर परिजनों में गहरी चिंता का माहौल बना हुआ है।

# JSR राज्य स्तरीय एडवोकेट प्रीमियर लीग : उदयपुर बार एसोसिएशन 'ए' टीम विजेता, जोधपुर हाईकोर्ट उपविजेता




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। फील्ड क्लब खेल मैदान पर रविवार को खेले गए JSR राज्य स्तरीय एडवोकेट क्रिकेट प्रीमियर लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में उदयपुर बार एसोसिएशन की 'ए' टीम ने जोधपुर हाई कोर्ट बार एडवोकेट्स को 5 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। अंतिम ओवर तक चले मुकाबले ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। बार एसोसिएशन के महासचिव लोकेश गुर्जर ने बताया कि फाइनल मुकाबले में उदयपुर बार एसोसिएशन 'ए' टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। शुरुआती बल्लेबाज चेतन चौधरी एवं चेतन नागदा ने शानदार शुरुआत करते हुए 12.3 ओवर में 112 रन जोड़े। चेतन नागदा ने 67 रन की आकर्षक पारी खेली, जबकि चेतन चौधरी ने 42 रन बनाए। पूरी टीम 19 ओवर में 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 148 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जोधपुर हाई कोर्ट की टीम ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन चेतन चौधरी की सटीक गेंदबाजी ने रन गति पर अंकुश लगाया। अंतिम ओवर में 12 रन की जरूरत थी, लेकिन चेतनदास वैष्णव एवं युद्धराज की धारदार गेंदबाजी के सामने जोधपुर की टीम 142 रन पर सिमट गई और उदयपुर ने मुकाबला 5 रन से जीत लिया। फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चेतन चौधरी को मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। सर्वाधिक रन के लिए चेतन नागदा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार मिला, जबकि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण का अवार्ड जयपुर टीम के खिलाड़ी को प्रदान किया गया। समापन समारोह में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति श्री फरजंद अली, जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता, डबल एजी प्रवीण खंडेलवाल एवं नाथूसिंह, बार काउंसिल सदस्य सचिन आचार्य, राव रतन सिंह, जयशंकर राय (JSR गणेश फाउंडेशन) तथा श्रीमती वंदना शर्मा उदावत उपस्थित रहे। न्यायाधिपति श्री फरजंद अली ने विजेता ट्रॉफी उदयपुर बार एसोसिएशन के कप्तान देवेंद्र सिंह झाला को तथा उपविजेता ट्रॉफी जोधपुर टीम के कप्तान को प्रदान की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र जैन एवं उपाध्यक्ष महेंद्र मेनारिया ने बताया कि टूर्नामेंट में सहयोग देने वाले वंडर सीमेंट, JSR गणेशाय फाउंडेशन, दीपक परिहार, भगवान वैष्णव, नरेश भावदीय, महेश धर्मावत तथा फील्ड क्लब उपाध्यक्ष देवेंद्र श्रीमाली को सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले 65 से अधिक अधिवक्ताओं को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बृजेंद्र सेठ ने किया, जबकि समापन अवसर पर महासचिव लोकेश गुर्जर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बनास पर डीएसटी का जाल, आधे इस पार, आधे उस पार, बीच में खनन माफिया हुआ लाचार, 5 जेसीबी और 13 ट्रैक्टर जब्त



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा जिले में बनास नदी में अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ जिला विशेष टीम, यानी डीएसटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफिया पर शिकंजा कसा है। डीएसटी टीम ने रणनीतिक तरीके से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। टीम के कुछ सदस्य डम्पर में बैठकर नदी पार पहुंचे, जबकि दूसरी ओर पहले से तैनात स्कॉर्पियो वाहन में मौजूद टीम ने मोर्चा संभाला। इस सघन अभियान के दौरान डीएसटी ने कुल 5 जेसीबी मशीनें, 3 डम्पर और 13 ट्रैक्टर जब्त किए। पुलिस के अनुसार, जहाजपुर थाना क्षेत्र से 3 जेसीबी, 3 डम्पर और 10 ट्रैक्टर, जबकि पंडेर थाना क्षेत्र से 2 जेसीबी और 3 ट्रैक्टर जब्त कर संबंधित थानों में खड़े करवाए गए हैं। कार्रवाई की खबर मिलते ही अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने साफ किया है कि बनास नदी में अवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# माकपा कार्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला कार्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर माकपा जिला सचिव राजेश सिंघवी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश सिंघवी ने कहा कि वर्तमान दौर में गण और तंत्र की मूल भावना एक-दूसरे से दूर होती नजर आ रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गणतंत्र को सशक्त बनाने के लिए जनवादी और प्रगतिशील विचारों के साथ जनआंदोलनों को आगे बढ़ाना आवश्यक है। इस अवसर पर माकपा राज्य कमेटी सदस्य विमल भगोरा, माकपा शहर सचिव हीरालाल सालवी, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र वसीटा, माकपा पार्टी कार्यालय शाखा सचिव अमजद शेख, लाल जनता ऑटो चालक यूनियन के फिरोज अहमद, कमलेश पालीवाल, निर्माण मजदूर एकता यूनियन के शमशेर खान, जावेद खान, कच्ची बस्ती फेडरेशन के रघुनाथ सिंह, नौजवान सभा के पूर्व सचिव अनिल पनोर, ठेला व्यवसायी मजदूर यूनियन के मोहम्मद निजाम, शाहिद मोहम्मद तथा राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के बृजेश चौधरी सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संविधान की मूल भावना को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प भी लिया गया।

# हनुमान मंदिर जवास में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारम्भ



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, हनुमान मंदिर कलश, ध्वजारोहण, अन्य मूर्ति स्थापना महोत्सव जवास में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि जवास में लगभग 1000 वर्ष प्राचीन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाकर विविध आयोजन एवं अनुष्ठान किये जा रहे हैं। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आचार्य पुनीत व्यास एवं सह आचार्य भाविक व्यास के सानिध्य में प्रातः पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना प्रारंभ की गई। जवास रानी बां दशरथ कुंवर के नेतृत्व में कलश एवं अन्य मुर्तियों का नगर भ्रमण कर प्रतिष्ठा स्थल पर लाया गया। दोपहर में अभिषेक एवं अग्नि स्थापना का धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। शाम को भव्य सुंदर पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य शांति लाल व्यास एवं सुरेश व्यास ने बताया कि पहले दिन के धार्मिक आयोजन में सैकड़ो धर्मावलंबी उपस्थित रहे और धर्म लाभ प्राप्त किया।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**
desk24newsupdate@gmail.com

